P372

इंदौर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 92
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

इंटरसिटी के घटे कोच हजारों यात्री परेशान



पेज-2

संघर्ष के दिन याद किए सुभाष घई ने



पेज-5

यशवंत क्लब पर दो करोड़ का टैक्स बाकी



पेज-6

# विधानसभा सत्र 16 से : मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, कैलाश और विजय शाह का कांग्रेस करेगी बहिष्कार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● 16 फरवरी से शुरू हो रहा मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार होने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस ने तय किया है कि वह प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विजय शाह का बहिष्कार करेगी। विधानसभा में इन्हें न बोलने दिया जाएगा और न ही इनकी बात सुनी जाएगी। कांग्रेस ने छिंदवाड़ा, बैतूल और पांडुणों में जहरीले कफ सीरप कोल्ड्रिफ के कारण 25 बच्चों की मौत, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से 35 लोगों की मौत के साथ सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर टिप्पणी को मुद्दा उठाएगी। इसके चलते विधानसभा सत्र के दौरान हंगामे की संभावना है।



जीतू बोले- मंत्रियों को बचा रही सरकार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का आरोप है कि कोल्ड्रिफ के कारण बच्चों की मौत हुई थी, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय देख रहे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसी तरह इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से 35 लोगों की मौत हो गई और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पद पर बने हुए हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर टिप्पणी करने वाले जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह पर भी सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है।

विधायक दल की बैठक में बनेगी रणनीति-सिंघार उधर कांग्रेस विधायक दल बजट सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति 16 फरवरी को भोपाल में बनाएगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंचार ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसमें कानून-व्यवस्था, प्रदेश पर बढ़ते कर्ज, अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग पर हो रहे अत्याचार, किसान, युवा और महिला से जुड़े विषयों को प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।



## केन्द्रीय मंत्रियों की बाइट के बीच में पहुंचे राहुल कहा- आइए साथ खड़े होकर बात करते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● संसद की कार्यवाही स्थगित होने के बाद बुधवार को संसद परिसर में उस समय दिलचस्प स्थिति बन गई, जब केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वहां से गुजरते हुए अचानक रुक गए और दोनों मंत्रियों के साथ संयुक्त रूप से मीडिया से बातचीत करने का आग्रह किया।

राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी का हाथ थाम लिया और कहा, 'आइए, साथ खड़े होइए... एक साथ बात करते हैं।' इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से कुछ क्षण के लिए वहां मौजूद पत्रकार और सुरक्षाकर्मी भी ठिठक गए। वीडियो में दिख रहा है कि राहुल गांधी बार-बार संयुक्त बयान देने का अनुरोध करते रहे। हालांकि, प्रल्हाद जोशी इस स्थिति में थोड़े असहज नजर आए। उन्होंने मुस्कुराते हुए अपना हाथ छुड़ाया और आगे बढ़ गए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इस दौरान मुस्कुराते दिखाई दिए, लेकिन उन्होंने भी संयुक्त रूप से मीडिया के सामने आने के प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

सत्ता पक्ष के दोनों मंत्रियों ने राहुल गांधी के संयुक्त प्रेस वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया और विनम्रता के साथ वहां से आगे बढ़ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और राजनीतिक गलियारों में इसको लेकर चर्चा जारी है।

## पब्लिक प्रॉपर्टी से हटाए जाएंगे कब्जे जमीन का सार्वजनिक होगा उपयोग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में सबसे महंगी जमीनें इंदौर में हैं। आर्थिक राजधानी होने से पूरे प्रदेश से लोग यहां रोजगार और धंधे की तलाश में आते हैं। सभी के पास इतना पैसा नहीं कि पॉश कॉलोनियों में मकान और प्लाट खरीद सकें, यहीं से सरकारी और सार्वजनिक उपयोग की जमीनों पर कब्जे करने की शुरुआत हो जाती है। इसके अलावा भूमाफिया सरकारी जमीनों पर कब्जे जमाए हैं, वहीं दूसरी ओर कई हैक्टेयर कीमती जमीन झुग्गी और बस्तियां बनाकर कब्जा ली गई, लेकिन नगर निगम इन जमीनों से कब्जे हटाने की कार्रवाई कब करेगा।

**सरकारी जमीनों पर कब्जे की रिपोर्ट देना होगी :** नगर निगम इंदौर शहर में पब्लिक प्रॉपर्टी से कब्जे हटाने की प्लानिंग कर चुका है। शहर के किसी भी हिस्से में ऐसी जमीन जो सार्वजनिक उपयोग की है, वहां से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर संयुक्त अभियान चलाएंगे। नगर निगम आयुक्त ने कब्जा करने वालों को चेतावनी दी है कि वह कठोर कार्रवाई से बचने के लिए अपना कब्जा पहले ही हटा लें, वर्ना नगर निगम उन्हें बख्शेगा नहीं। आयुक्त द्वारा सभी जोन अधिकारियों से सरकारी जमीन पर होने वाले अतिक्रमण और वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट जिओ टैगिंग के साथ मांगी गई है। नगर निगम का सबसे अधिक फोकस बड़ी जमीनों पर बनी अवैध बस्तियों और कालोनियों पर है।



### आईडीए की इन स्कीमों पर कब्जे

वर्तमान में स्कीम नंबर 136, स्कीम नंबर 78, प्रथम लोहा मंडी स्कीम नंबर 134, स्कीम नंबर 114 प्रथम में बड़ी बस्तियां है, जिसमें अरबों रुपए की जमीन पर कब्जे हैं। इस प्लानिंग को अमल में लाने के लिए स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की जा रही है।

### सड़क निर्माण में बाधक बस्तियां हटाई जाएंगी

निगम आयुक्त ने भवन अधिकारी और निरीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के विकसित होने पर निगरानी रखें। अगर अवैध कॉलोनी विकसित होती है तो बीओ-बीई पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंदौर विकास प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों में शासकीय रोड की जमीन पर कब्जे हैं, जिसके कारण मास्टर प्लान की सड़क नहीं बन पा रही है। सबसे पहले ऐसी अवैध कॉलोनी को हटाकर सड़कों के रास्ते क्लियर किए जाएंगे।

### न्यूज ब्रीफ

- कानपुर : लैंबोर्गिनी केस में पुलिस का बड़ा एक्शन, आरोपी शिवम मिश्रा गिरफ्तार
- पटना सिविल कोर्ट में बम धमकी के बाद सुरक्षा सख्त, पुलिस बल तैनात
- नई श्रम संहिता के खिलाफ आज भारत बंद, देशभर में हड़ताल पर ट्रेड यूनियन
- बिहार में शिक्षक नियुक्ति पर बड़ा अपडेट, चौथे चरण में 46 हजार टीचर्स की बहाली
- गुजरात बोर्ड की परीक्षा 26 फरवरी से शुरू, 15.27 लाख छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन
- बांग्लादेश में वोटिंग शुरू, सुबह-सुबह मतदान केंद्रों पर वोटर्स की लंबी कतार
- दिल्ली यूनिवर्सिटी में आज से शुरू होगा लिटरेचर फेस्टिवल
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज राज्यसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देंगी
- भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में आज प्रदर्शन करेंगे किसान संगठन
- ट्रंप-नेतन्याहू की मीटिंग खत्म, करीब 3 घंटे तक चली बातचीत
- मुंबई : बायकुला इलाके में 18 मंजिला इमारत में लिफ्ट गिरी, पांच लोग घायल

## आयुष्मान में वसूली शिकायत पहुंची दिल्ली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज का लाभ दिलाने के नाम पर एक निजी अस्पताल द्वारा पैसे मांगने और इलाज से मना करने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस संबंध में हरदा जिले के एक नागरिक ने आयुष्मान भारत कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी नानी प्रेमिला तिवारी को पैर की गंभीर समस्या की वजह से स्थानीय चिकित्सकों की सलाह पर 3 फरवरी 2026 को हरदा से इंदौर स्थित अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती के समय आयुष्मान कार्ड लिया गया, लेकिन इसके बावजूद जांच और दवाइयों के नाम पर करीब 40 से 45 हजार रुपए वसूले गए, जिसका कोई बिल भी नहीं दिया गया।

**वंदे मातरम की गाइडलाइंस पर सपा नेता एसटी हसन**

## मुसलमान नहीं पढ़ सकता है, हमारे बच्चे खामोश रहेंगे

**मुरादाबाद (एजेंसी)** ● वंदे मातरम' को लेकर केंद्र सरकार की नई गाइडलाइंस पर समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन ने कहा, 'वंदे मातरम मुसलमान नहीं पढ़ सकता है, हमारे बच्चे खामोश रहेंगे।'

मुरादाबाद में आईएएनएस से बातचीत में सपा नेता एसटी हसन ने कहा कि देखिए, हमारा देश गंगा-जमुनी तहजीब का देश है। प्यार-मोहब्बत का देश है। अनेकता में एकता का देश है। हमारे देश में विभिन्न धर्मों के लोग साथ रहते हैं। 'वंदे मातरम' गीत को लेकर आपत्ति इस बात की है कि इसमें जमीन की पूजा की जाती है, जबकि इस्लाम अल्लाह के सिवाय किसी की इबादत की इजाजत नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि किसी को भी जबरन कुछ पढ़वाया या करवाया नहीं जा सकता। आज भी कई जगहों पर मुसलमानों को जबरन पीटकर 'जय श्री राम' बुलवाया जाता है, तो केस दर्ज हो जाता है। फिर ऐसी हरकतें क्यों की जा रही हैं, जिनसे देश के सौहार्द पर असर पड़े और देश कमज़ोर हो। हमें तो देश को और मजबूत करना है। हमें अपने प्यार और मोहब्बत को मजबूत करना है। न कि विघटनकारी शक्तियों के दबाव में आकर वोट की राजनीति करें और समाज को ध्रुवीकृत करें।

गौरतलब है कि वंदे मातरम' को लेकर केंद्र सरकार की नई गाइडलाइंस के अनुसार, वंदे मातरम गीत का गायन 3 मिनट 10 सेकंड तक होगा। जब इस पर समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन से जवाब मांगा गया तो उन्होंने कहा कि हम नहीं पढ़ सकते, मुसलमान नहीं पढ़ सकता। हमारे बच्चे खामोश रहेंगे। यह भी तो एक तरह की बेइज्जती है। राष्ट्रगान की बात हो तो हम खड़े होकर गाते हैं। लेकिन अब 'वंदे मातरम' को लेकर जबरदस्ती की जा रही है, तो कल को किसी और मुद्दे पर भी जबरदस्ती की जाएगी। हिंदुस्तान किसी की जागीर नहीं है।

## कल रात निगम की रिमूवल गैंग पर फिर हमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● धार रोड पर नगर निगम के मेयर के पाइंट पर सड़कों पर लगने वाली सब्जी की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को हटाने के लिए नगर निगम की रिमूवल गैंग बुधवार रात पहुंची थी। यहां पर सड़कों पर ठेला लगाने वालों ने नगर निगम की गैंग से विवाद किया और मारने के लिए तराजू उठा लिया। इस मामले में नगर निगम की टीम छत्रीपुरा थाने पहुंची। यहां हमला करने वाले को लेकर लिखित में आवेदन दिया है।

छत्रीपुरा थाने पर नगर की गैंग बुधवार रात पहुंची थी। यहां पर निगम की टीम से जितेन्द्र सोलंकी तरफ से जाकिर पुत्र शाकिर निवासी धार रोड़ पर हमला करने का मामले में शिकायत की गई है। जितेन्द्र ने अपने आवेदन में बताया कि रिमूवल अफसरों के कहने पर वह अतिक्रमण की कारवाई को लेकर पहुंची थे। इस दौरान जाकिर ने टीम के साथ धक्कामुक्की की और मारने के लिए तराजू उठा लिया। इस दौरान नगर निगम की कारवाई को रोकने का भी प्रयास किया। इस मामले में अफसरों ने आवेदन लिया है। वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### मेयर के पिता के अस्पताल के आसपास जाम

मेयर पुष्पमित्र भार्गव के पिता जीएनटी मार्ग पर खुद का अस्पताल संचालित करते हैं। यहां लगने वाले सब्जी के ठेला के चलते सड़क के दोनों तरफ ट्रेफिक होने से जाम की स्थिति बनती है। सूत्रों के मुताबिक मेयर की तरफ से ही अफसरों को वहां से ठेले और फुटपाथ की दुकाने हटाने के लिए पाइंट दिया गया था।

## लोक शिक्षण में आउटसोर्सिंग के एंगल की आड़ में हुआ फर्जी नियुक्तियों का खेल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश में आउटसोर्सिंग के नाम पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। सेडमैप (उद्यमिता विकास केंद्र) और लोक शिक्षण संचालनालय में कथित फर्जी नियुक्तियों का मामला सामने आया है। आरोप है कि रिटायर अधिकारियों को नियमों से हटकर पुन: नियुक्त किया गया। लाखों युवा नौकरी के इंतजार में हैं। यह रिपोर्ट आउटसोर्सिंग में संभावित फर्जीवाड़े के एंगल से तैयार की गई है। जहां पारदर्शिता और प्रक्रिया दोनों पर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण विभाग से सेवानिवृत्त प्रथम श्रेणी अधिकारियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से पुन: पदस्थ किया गया। इन पदों पर मासिक वेतन 35 हजार से 64 हजार रुपए तक बताया गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन पदों के लिए न तो सार्वजनिक विज्ञापन जारी हुआ। न ही ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए। पूरा मामला गंभीर है क्योंकि चयन प्रक्रिया सार्वजनिक नहीं की गई। अगर पद रिक्त थे, तो क्यों नहीं खुली प्रतियोगी प्रक्रिया से भरे गए? यह बिंदु कथित फर्जीवाड़े को संदिग्ध बनाता है। रिटायर अधिकारियों को बिना खुला विज्ञापन पुन: नियुक्त किया गया। आवेदन और मेरिट प्रक्रिया का रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया गया। आउटसोर्स एजेंसी की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।




## व्यापारी ने खाया जहर, वीडियो जारी कर तीन लोगों पर लगाया आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चंदन नगर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यापारी ने बुधवार रात जहर खा लिया। जहर खाने से पहले उसने एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। परिजन उसे मालवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

चंदन नगर निवासी मोहम्मद मोसीन पुत्र मोहम्मद अशरफ के मोबाइल से एक वीडियो मिला है। वीडियो में उसने कड़ाव घाट, बंबई बाजार निवासी मुन्ना दूधवाले, अकरम और शकील चौधरी को जिम्मेदार बताया है। उसने अपनी जान को खतरा होने की बात कही है। वीडियो में मोसीन ने कहा कि उसने 2023-24 के बीच व्यापार के सिलसिले में करीब 10 लाख रुपए ब्याज पर लिए थे। इसके बदले उससे हर सप्ताह 65 हजार रुपए ब्याज लिया जाता था। उसने दावा किया कि अब तक वह 60 से 70 लाख रुपये चुका चुका है। मोसीन ने बताया कि आरोपियों के पास उसके मकान की रजिस्ट्री और करीब 30 चेक रखे हैं। वापस मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया। अतिरिक्त रुपये मांगने की बात भी कही गई है। मामले को लेकर मोसीन ने छह फरवरी को पंढरीनाथ थाने में लिखित आवेदन दिया था।



# इंटरसिटी के घटे कोच, हजारों यात्री परेशान रेलवे ने कहा- मैंटेनेंस के लिए गए हैं कोच

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महू से इंदौर होकर भोपाल जाने और लौटने वाली भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस (19323/19324) इन दिनों पूरे रैक के बजाय केवल 18 कोच के साथ ही संचालित की जा रही है। पहले यह ट्रेन 24 कोच के साथ चलती थी, लेकिन कोच घटने से रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अपडाउनर्स की पहली पसंद है। रेलवे के अनुसार... ट्रेन के 6 कोच मेजर मैंटेनेंस के लिए भेजे गए हैं, जिसके कारण अस्थायी रूप से कम कोचों के साथ ट्रेन चलाई जा रही है। हालांकि यात्रियों का कहना है कि अगर मैंटेनेंस पहले से तय था तो वैकल्पिक कोचों की व्यवस्था पहले क्यों नहीं की गई?



भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण ट्रेनों में शामिल है। यह ट्रेन प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर और सैन्य छावनी महू को राजधानी भोपाल से जोड़ती है। रोजाना इस ट्रेन से विद्यार्थी, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी, नौकरीपेशा लोग और आम यात्री यात्रा करते हैं। सुबह ट्रेन महू से इंदौर होते हुए भोपाल जाती है और शाम को भोपाल से इंदौर होते हुए महू लौटती है। इस ट्रेन से महू, इंदौर और देवास के बड़ी संख्या में यात्री भोपाल पहुंचते हैं। इनमें कई यात्री ऐसे भी होते हैं, जिन्हें भोपाल से देश के अन्य बड़े शहरों के लिए जाने वाली ट्रेनों का कनेक्शन लेना होता है। कोच कम होने से ट्रेन की यात्री क्षमता घट गई है, जिससे यात्रियों को सीट मिलने और चढ़ने-उतरने में कठिनाई हो रही है। रेलवे विशेषज्ञ नागेश नामजोशी के अनुसार... 6 से 7 कोच कम होने से रोजाना करीब 500 यात्रियों की क्षमता घट गई है।

**महाशिवरात्रि मेले पर इंदौर की 11 जोड़ी ट्रेनों का सीहोर में अस्थायी ठहराव**-महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए इंदौर से चलने वाली एवं इंदौर से होकर गुजरने वाली 11 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों को सीहोर रेलवे स्टेशन पर अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा 13 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार...

### सीहोर स्टेशन पर ठहराव पाने वाली इंदौर से संबंधित प्रमुख ट्रेनें

12923/12924 आंबेडकर नगर-नागपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस
19301/19302 आंबेडकर नगर-यशवंतपुर एक्सप्रेस
22911/22912 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस
20414/20413 इंदौर-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस
20416/20415 इंदौर-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस
14115/14116 आंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस
19313/19314 इंदौर-पटना एक्सप्रेस
19321/19322 इंदौर-पटना एक्सप्रेस
19305/19306 आंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस
22645/22646 इंदौर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
22191/22192 इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस

इस निर्णय से इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों तथा महाशिवरात्रि मेले में जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह अस्थायी ठहराव महाशिवरात्रि मेले के दौरान अतिरिक्त यात्री दबाव को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रीडा भारती की आरती पाल अर्जुन अवार्ड से सम्मानित होगी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान नेतृत्व, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। योगासन मे क्रीडा भारती की महिला खिलाड़ी डॉ आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार घोषित होने पर माननीय खेलमंत्री डॉ मनसुखभाई मंडाविया जी द्वारा इंदौर आगमन पर स्थानीय कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया तथा भाजपा द्वारा रु 11000/ की राशि भेट की गई। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री आदरणीय कैलाश विजयवर्गीय, मध्यप्रदेश ओंलम्पिक संघ अध्यक्ष व विधायक रमेश मेंदोला,महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, क्रीडा भारती प्रांत मंत्री हरीश डागुर, हरदीप सिंह रूप्पल, पूजा शर्मा, योगेश पुरोहित आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।

### चेत्र वदी नवमी को 'आदि भरतोत्सव 'मनाया जाए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कर्म युग के प्रणेता प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव जी और उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रथम



चक्रवर्ति भरत जिनके नाम से भारत देश का नाम भारत पड़ा चेत्र वदी नवमी को भगवान आदिनाथ जी का कल्याणक महामहोत्सव है इस दिन पुरे विश्व में भारतोत्सव या भारत दिवस के रूप में मनाया जाए धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यह मांग समाज की वरिष्ठ समाजसेवीका श्री मति पुष्पा पांड्या ने देश की महामहिम राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अनेक प्रांतों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निवेदन किया है।

## ऐतिहासिक बोलिया सरकार की छत्री में सजे शिव नवरात्रि महापर्व के रंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर शहर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर बोलिया सरकार की छत्री एक बार फिर आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन गई है। वर्ष 1836 में निर्मित यह पावन स्थल लंबे समय तक बंद रहा, लेकिन पिछले छह वर्षों से 'जय महाकाल भक्त मंडली' के निरंतर प्रयासों और सेवा भावना के चलते यहां धार्मिक गतिविधियों का नियमित संचालन हो रहा है। मंडली के प्रयासों से यह ऐतिहासिक छत्री पुन: जीवंत होकर भक्तों की आस्था का केंद्र बन चुकी है।

यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला 9 दिवसीय शिव नवरात्रि महापर्व इस वर्ष भी भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। शिव नवरात्रि से नौ दिन पूर्व प्रारंभ होने वाले इस महोत्सव की सबसे अनूठी परंपरा यह है कि नौ दिनों तक भगवान शिव प्रतिदिन दूल्हा स्वरूप में सुसज्जित होकर भक्तों को दर्शन देते हैं। प्रतिदिन विधिविधान से अभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना संपन्न की जाती है, जिसके पश्चात महादेव अलग-अलग दिव्य स्वरूपों में श्रृंगारित होकर विराजमान होते हैं।

इन नौ दिनों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगती है। भजन-कीर्तन, शिव स्तुति और धार्मिक अनुष्ठानों से संपूर्ण परिसर शिवमय



हो उठता है। भक्तों का कहना है कि यहां आकर उन्हें आध्यात्मिक शांति और विशेष ऊर्जा की अनुभूति होती है। महापर्व के अंतिम चरण में भगवान शिव का विवाह महोत्सव और भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाता है, जो इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होता है। विवाह उत्सव में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात, वरमाला और मंगल गीतों के बीच शिव-पार्वती विवाह की झांकी प्रस्तुत की जाती है।

## फर्टिलाइजर कंपनी उत्तम आर्गेनिक फर्टिकेम में विवाद, फाउंडर अग्रवाल ने की शेयर हड़पने की शिकायत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर की फर्टिलाइजर कंपनी उत्तम आर्गेनिक फर्टिकेम प्राइवेट लिमिटेड में शेयर होल्डर के बीच विवाद हो गया है। इसे लेकर रजिस्ट्रार कंपनी के साथ ही पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। फाउंडर मेंबर अम्बिका अग्रवाल ने धोखाधड़ी कर उनकी शेयर हिस्सेदारी कम करने के आरोप लगाए हैं।

कंपनी इंदौर में 601 क्लिंफटन कॉर्पोरेट में स्थित है। वहीं फैक्ट्री निमराणी में है। इसकी स्थापना अम्बिका अग्रवाल और राजेश उपाध्याय ने 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ वर्ष 2010 में की थी। अम्बिका अग्रवाल ने आरोप लगाए हैं कि कंपनी में राजेश उपाध्याय, सोनू अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, हरगोविंद यादव, सुरेंद्र कुमार मलिक आदि ने मिलकर उनके फर्जी हस्ताक्षर किए। साथ ही, कंपनी के शेयर्स ट्रांसफर कर लिए हैं। इसके चलते उनकी हिस्सेदारी




50 प्रतिशत से घटकर 2.5 प्रतिशत पर आ गई है।

यह भी आरोप लगाया कि इसके लिए उनके फर्जी हस्ताक्षर करके पहले उनका इस्तीफा कॉरपोरेट मंत्रालय में फाइल किया गया था। फिर हिस्सेदारी कम कर दी गई थी। अग्रवाल ने ईडी नई दिल्ली, पुलिस मुख्यालय भोपाल, ईओडब्ल्यू के साथ ही इंदौर पुलिस कमिश्नर को शिकायत की है। जांच के लिए मामला तुकोगंज थाने में भेजा गया है। अम्बिका अग्रवाल और उनके अधिवक्ता राजेश जोशी ने कंपनी के दफ्तर जाकर इस संबंध में नोटिस भी दिया है। प्रमोटर अम्बिका अग्रवाल और उनके अधिवक्ता ने बताया कि पहले फर्जी हस्ताक्षर करके डायरेक्टर पद से इस्तीफा कॉरपोरेट मंत्रालय पर अपलोड कर दिया था। इसके बाद बोर्ड मीटिंग की गई और छह वर्षों में बोर्ड मीटिंग्स में अलग-अलग लोगों को इस कंपनी के शेयर्स अलॉट किए गए थे। जबकि ये सभी प्रमोटर को जारी किए जाने चाहिए थे। इस तरह से उनकी शेयर हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से घटकर ढाई प्रतिशत पर आ गई है।

## लक्ष्मणसिंह गौड़ के पुण्य स्मरण दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं बंजारा जन -विकास सेवा समिति इन्दौर मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम ब्रह्मलीन लक्ष्मण सिंह गौड़ के 18 वें पुण्य स्मरण दिवस पर शासकीय आयुष विभाग जिला अस्पताल परिसर पर आयोजित विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, यूनानी पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सको ने सैकड़ो मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां दी । पर्यावरण सरंक्षण हेतु अस्पताल परिसर पर पौधारोपण भी किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने जानकारी दी की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ विधायक क्षेत्र क्रमांक 4 ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर्सको सम्मानित किया एवं नशामुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद भारत रघुवंशी, भाजपा नगर मंत्री इंदू श्रीवास्तव , डॉ शीतल कुमार सोलंकी, डॉ. सतीश नीमा, डा.मनीष रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, दिपक दुबे, शंकर पवार, कुसुम शर्मा, कमला ताई, कमल सोनी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देपालपुर में हाटकेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● हाटकेश्वर महादेव मंदिर हाटकेश्वर कॉलोनी में बुधवार को तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर मंदिर में भगवान गणेश, कार्तिकेय, नंदी, कछुए और मां पार्वती की प्रतिमाएं स्थापित की गई। महोत्सव के अंतिम दिन प्रात: 8 बजे से दिग्होम,? प्रासाद स्नपन शुरू हुआ। साढ़े 12 बजे वैदिक ऋचाओं के गान व मंत्रोच्चार के बीच मुख्य कलश स्थापना, कीर्ति स्तंभ, ध्वज दंड एवं नई प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की गई। इसके उपरांत श्रीफल होम कर यज्ञ पूर्ण किया गया। हाटकेश्वर महादेव का प्रतिष्ठा के बाद आकर्षक श्रृंगार किया गया।

**इन्हें मिला लाभ**-आचार्य पंडित राजेश शास्त्री के? नेतृत्व में यज्ञ यजमान का? लाभ ,अतुल नागर,सुबोध नागर,हेमंत नागर,अजय नागर,जेपी नागर,वीरेंद्र गौड ने प्राप्त किया। मंदिर निर्माण सूर्य प्रकाश माणकलाल नागर द्वारा करवाया गया।

## कक्षा नौवीं और 11वीं में भी अब सप्लीमेंट्री नहीं, दूसरी परीक्षा होगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**जबलपुर** ● कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा के कुछ विषयों में फेल होने वाले छात्र छात्राओं को अब सप्लीमेंट्री परीक्षा के स्थान पर दूसरी परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। संचालक लोक शिक्षण मप्र द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को जारी




किए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कक्षा 9वीं एवं 11वीं की पूरक परीक्षा के आयोजन में संशोधन किया गया है।

इसके तहत बोर्ड परीक्षाओं की तरह ही कक्षा 9वीं एवं 11वीं में पूरक परीक्षा के स्थान पर द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अत: कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी पृथक से जारी की जाएगी। मूल्यांकन के लिए प्रशिक्षण 21 से बोर्ड की परीक्षाओं का मूल्यांकन करने वालों का प्रशिक्षण 21 फरवरी से शुरू होगा। इससे पहले सभी विषयों के उन शिक्षकों का चयन किया जाएगा, जो कि परीक्षा कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे और उसके बाद उनका प्रशिक्षण होगा।

## आधुनिक दौर में पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है विश्वसनीयता : खारीवाल



**दैनिक इंदौर संकेत**

**ग्वालियर** ● आधुनिक दौर में पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता है। सूचना की रफ्तार भले तेज हो गई हो, लेकिन भरोसे की नींव कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। यह बात तीन दिवसीय एमिटी मीडिया फेस्ट 2026 के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवीण खारीवाल, अध्यक्ष, प्रेस क्लब मध्यप्रदेश ने कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं, किंतु तकनीक के इस युग में मानवीय संवेदनशीलता, तथ्यात्मकता और नैतिकता ही पत्रकारिता की वास्तविक शक्ति है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार, निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा (एवीएसएम), सेवानिवृत्त एवं कुलगुरु प्रो डॉ आर एस तोमर ने किया।

## रहे ना रहें हम, महका करेंगे की तर्ज पर स्व महेन्द्र बापना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पिपलियाहाना चौराहे पर सात साल पहले (2019 में) वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र बापना का वाहन दुर्घटना में असामयिक निधन हुआ था ।उस चौराहे पर स्थापित स्व बापना (बापू) की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने मंगलवार की सुबह से दोपहर तक उनके चाहने वाले जुटे थे ।प्रतिमा स्थल को जिन फूलों से सजाया गया था उन फूलों की महक भी कह रही थी रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली, बनके सबा, बाग-ए-वफ़ा में...। हर साल की तरह जुटे बापू मित्रमंडल को रह रह कर बापना को पसंद यह गीत याद आ रहा था। सबके सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले पत्रकार बापना की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने अग्निबाण के संपादक राजेश चेलावत सपत्नीक पहुंचे थे। माल्यार्पण और पुष्पांजली अर्पित करने वालों में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के नेताओं, पार्षदों-पूर्व पार्षदों के साथ ही उस चौराहे से गुजरने वाले सैकड़ों नागरिकों में वो लोग भी थे जिनके लिये स्व बापना आधी रात में भी मदद के लिये दौड़ पड़ता था।

## रजिस्टर्ड वसीयत के बावजूद बहन के लिए काल बना भाई

### 40 साल पिता की सेवा की अब मकान के बहार सोने को मजबूर मनु बाई

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

देपालपुर तहसील के नेहरू मार्ग, वार्ड क्रमांक 8 निवासी अधेड़ महिला मनुबाई परमार आज उस मकान के बाहर रात गुजारने को मजबूर है, जो कानूनन उसी का है। इस मकान को उनके पिता रामचन्द्र परमार (86 वर्ष) ने वर्ष 2021 में उप-पंजीयक कार्यालय, देपालपुर में ऑनलाइन रजिस्टर्ड वसीयत के माध्यम से अपनी पुत्री के नाम कर दिया था। यह वसीयत सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। फिर भी पिता की मृत्यु के चार महीने बाद ही भाई और उसका परिवार मकान पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे हैं। आए दिन धमकियों और जबरन घुसपैठ से मनुबाई भय के साये में जीने को मजबूर हैं।




**40 वर्षों की सेवा, फिर भी संघर्ष**- 36 वर्ष पूर्व पत्नी के निधन के बाद रामचंद्र परमार की

पूरी देखभाल, इलाज और दैनिक जरूरतों की जिम्मेदारी मनुबाई अकेले ही उठा रही है। पिता के लिए अपना परिवार को नजर अंदाज कर पिता को भगवान के रूप में सेवा करने का बीड़ा ऐसा उठाया कि आज पूरा नगर यह सुनता है तो मनुबाई के प्रति प्रेम उमड़ता है। पिता की सेवा करना अपना धर्म माना तो पिता उनकी सेवा से इतने प्रसन्न थे कि उन्होंने अपने जीवनकाल में ही संपत्ति बेटी को देने का निर्णय लिया।

पड़ोसी व प्रत्यक्ष दर्शि तथा गवाहों का कहना है कि वे कह गए- 'मेरे अंतिम दिनों में मेरी बेटी ही मेरा सहारा है। 'वसीयत के अनुसार मकान पर पूर्ण अधिकार मनुबाई का है। नकूचा तोड़कर घर में घुसे - पीड़िता का आरोप है कि उसका भाई भेरुलाल उर्फ भेरू परमार परिवार सहित नकूचा तोड़कर घर में घुसा, कब्जा जमाने का प्रयास करते हुवे अपना डेरा जमा लेता है व मेरे द्वारा भरा राशन भी खा गया।जब बोलने जाती हु तो भाई का पूरा परिवार हावी होकर कहता है कि तू यहां से जा व जान से मारने की धौंस देते है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो बाहरी लोग भी मौजूद थे, जो वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे।

**समाज उतरा समर्थन में**-इस अन्याय के खिलाफ नगर के दामोदर वंशीय दर्जी समाज के 30 से ज्यादा लोग थाने पहुंचे और पीड़िता के पक्ष में ज्ञापन सौंपा व पुलिस रिपोर्ट की मांग की । जिस पर थाना प्रभारी ने पूरा प्रकरण सुनकर कार्यवाही की। पिता ने पहले ही दिला दिया था मकान - समाज जन व पीड़ित महिला का कहना है कि रामचंद्र ने अपने पुत्र को पहले ही इंदौर में मकान दिलवा दिया था वहीं नगर निगम में भी मकान दर्ज है जब इंदौर में मकान है तो पीड़िता के मकान पर कब्जा क्यों जमा रहा है। रामचंद्र हर वर्ष पुत्र को 8 किवंटल गेहूं भी देते थे और उन्होंने जमीन को पुत्र व पुत्री के नाम की है लेकिन मकान उन्होंने बेटी के नाम कर गए। वहीं प्रकरण कोर्ट में चल रहा है जो भी फैसला हो वह हमें मान्य है लेकिन अभी पीड़िता को परेशान करना बंद करे।

**पुलिस ने लिया त्वरित संज्ञान**-थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल ने पूरी घटना सुनकर व रात के हंगामे को देखते हुए पीड़िता की ओर से नया प्रकरण बीएनएस की धारा 352 के तहत दर्ज किया।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

# शहर में प्रवेश करते ही दिखेगा सनातन वैभव, 9 भव्य द्वार बनेंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● महाकाल की नगरी उज्जैन में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों का अब भव्य प्रवेश द्वारों से स्वागत होगा। उज्जैन विकास प्राधिकरण की नई योजना शहर को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में नई पहचान देने जा रही है।

उज्जैन में प्रवेश करते ही दिखेगा सनातन वैभव, मार्गों पर बनेंगे 9 भव्य द्वार जब कोई श्रद्धालु या पर्यटक उज्जैन आता है, तो उसकी पहली इच्छा महाकाल के दर्शन की होती है। शहर में प्रवेश करते ही लोगों को ऐसा अनुभव मिलेगा कि वे किसी सामान्य शहर में नहीं, बल्कि एक प्राचीन आध्यात्मिक राजधानी में प्रवेश कर रहे हैं। उज्जैन की पहचान सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि हजारों साल पुरानी संस्कृति, धर्म और ज्योतिष परंपरा की रही है।

## उज्जैन विकास प्राधिकरण की बड़ी योजना

उज्जैन विकास प्राधिकरण ने शहर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास को ध्यान में रखते हुए लगभग 92 करोड़ रुपये की लागत



से इन प्रवेश द्वारों के निर्माण का निर्णय लिया है। इन द्वारों का निर्माण सिर्फ सजावट के लिए नहीं होगा, बल्कि ये उज्जैन की परंपरा, सिंहस्थ कुंभ, खगोल विज्ञान और सनातन संस्कृति को दर्शाएंगे। योजना के अनुसार इंदौर रोड, देवास रोड, आगर रोड, मक्सी रोड, बड़नगर रोड सहित शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर ये प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। हर दिशा से आने वाले यात्रियों को एक ही संदेश मिलेगा कि वे महाकाल की नगरी में प्रवेश कर चुके हैं। इन द्वारों की डिजाइन भी खास होगी। इनमें मंदिर शैली की झलक, प्राचीन शिल्पकला और धार्मिक प्रतीकों का उपयोग किया जाएगा, ताकि शहर की पहचान और मजबूत हो सके।

## क्यों जरूरी है यह परियोजना

देश के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक शहरों में से एक है। हर साल लाखों श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। इसके अलावा सिंहस्थ कुंभ जैसे बड़े आयोजन उज्जैन की वैश्विक पहचान बनाते हैं। लेकिन लंबे समय से शहर में प्रवेश करते समय किसी विशेष पहचान का अनुभव नहीं होता था। जब कोई शहर अपनी संस्कृति को प्रवेश द्वार से ही दिखाने लगे, तो वह यात्रियों के मन में अलग छाप छोड़ता है। इससे उज्जैन आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ सकती है, जिससे स्थानीय व्यापार और रोजगार को फायदा होगा। इन नए प्रवेश द्वारों का सबसे बड़ा फायदा पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा। लोग फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करेंगे, जिससे उज्जैन की पहचान और फैलेगी। यह शहर के लिए मुफ्त प्रचार जैसा होगा। स्थानीय लोगों के लिए भी यह गर्व की बात होगी कि उनका शहर अब और भव्य रूप में सामने आएगा। सड़क किनारे के इलाकों का भी विकास होगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों की स्थिति सुधरेगी। साथ ही बेहतर सड़कों और सुंदर प्रवेश मार्गों से शहर में आने-जाने का अनुभव भी बेहतर होगा। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सामान्य पर्यटन भी बढ़ सकता है।

### सिंहस्थ, सनातन और इतिहास की झलक दिखाएंगे द्वार

इन प्रवेश द्वारों की डिजाइन उज्जैन की ऐतिहासिक पहचान को ध्यान में रखकर तैयार की जाएगी। शहर को कालगणना का केंद्र भी माना जाता रहा है और प्राचीन काल में उज्जैन खगोल विज्ञान का महत्वपूर्ण स्थान था। सिंहस्थ कुंभ, महाकाल मंदिर, क्षिप्रा नदी और प्राचीन मंदिरों की झलक इन द्वारों में देखने को मिलेगी। यानी कोई भी व्यक्ति जब शहर में प्रवेश करेगा, तो उसे तुरंत उज्जैन की आध्यात्मिकता का एहसास होगा। योजना का मकसद सिर्फ सुंदरता नहीं, बल्कि शहर की आत्मा को दर्शाना है। आने वाले समय में ये प्रवेश द्वार उज्जैन की पहचान बन सकते हैं।

### न्यूज ब्रीफ

## चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज युवा संगठन के अध्यक्ष बने अक्षत चौधरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज युवा संगठन के इंदौर नगर अध्यक्ष पद पर अक्षत चौधरी को युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह पटेल ने नियुक्त किया है। समाज युवा संगठन की नगर कार्यकारिणी को बढ़ाते हुए नियुक्तियां की गई। जिसमें युवा संगठन के शहर अध्यक्ष अक्षत चौधरी बने। यह नियुक्ति समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया की सहमति से युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह पटेल ने की। अक्षत चौधरी लगातार समाज सेवा के कार्य को युवाओं की एकजुटता के साथ बढ़ाते हुए चल रहे हैं।

## श्री विद्याधाम प्रांगण में नए सत्संग सभागृह के लिए भूमि पूजन सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम आश्रम परिसर में श्री महाकोश निधि ट्रस्ट की मेजबानी में बुधवार को नए सत्संग सभागृह के लिए आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी गिरिजानंद सरस्वती भगवन की प्रेरणा एवं महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। समाजसेवी सुरेश-मृदुला शाहरा, नितेश-माधुरी शाहरा ने आचार्य पं. राजेश शर्मा, आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री एवं अन्य विद्वानों के निर्देशन में भूमि पूजन किया। लगभग 7 हजार वर्गफुट क्षेत्रफल में बनने वाले इस सत्संग भवन में करीब 400 दर्शक या श्रोता बैठकर वहां होने वाले मांगलिक प्रसंगों के साक्षी बन सकेंगे।

## धरावरा धाम में 22 फरवरी से शुरू होने वाले मानस सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● धार रोड स्थित प्राचीन आस्था केंद्र धरावरा धाम पर 22 से 28 फरवरी तक आश्रम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की 17 वीं पुण्यतिथि के प्रसंग पर होने वाले श्री मानस सम्मलेन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ के दिव्य अनुष्ठान हेतु भूमि पूजन गुरुवार 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे होगा।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आश्रम के अधिष्ठाता महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में इस अवसर पर मुख्य यजमान समाजसेवी नानूराम चौधरी एवं अनुष्ठान से जुड़े अन्य सहयोगी भूमि पूजन करेंगे। आयोजन में शाजापुर जिले के प्रख्यात भागवत मनीषी पं. ब्रजकिशोर नागर धरावरा धाम भक्त मंडल न्यास की मेजबानी में यहाँ प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक भागवत कथामृत का रसपान कराएंगे। अनुष्ठान में आसपास के 25 गांवों के श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी।

## डिजिटल वेन जन जन तक पहुंचा रहे वित्तीय साक्षरता संदेश




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रियसखी महिला संघ इंदौर भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया रहा है। प्रिय सखी महिला संघ द्वारा इंदौर सहित अन्य जिलों में मनी वाइस पीएफएल सेंटर के माध्यम से डिजिटल मोबाइल वेन चलाकर वित्तीय साक्षरता का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। यह कार्य 13 फरवरी तक चलेगा। वित्तीय साक्षरता सप्ताह की मुख्य थीम केवायसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है। केवाईसी की मूल बातें एवं आवश्यकता उपभोक्ताओं, खातेदारों, आमजन को समझाई जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की महत्वपूर्ण बातों को भी ग्रामीण परिवेश के मद्देनजर स्थानीय बोली की मदद से बताया जा रहा है। प्रियसखी महिला संघ की आरती कुशवाह ने बताया कि केवाईसी की जानकारी देकर बैंक खाते का दुरुपयोग न हो सके, सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार के बारे में जानकारी दी जा रही है, साथ ही धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। वेन ,ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जाकर चौराहों पर एलईडी द्वारा फिल्म दिखा कर प्रसार किया गया। इंदौर, खंडवा सहित अन्य जिलों के 400 ग्रामों में भारतीय रिजर्व बैंक का महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित किया गया।

## श्रीमती लक्ष्मी पुरी ने किया सांदीपनि अहिल्याश्रम विद्यालय का दौरा, विकास कार्यों में सहयोग का संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पोलो ग्राउंड स्थित शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उ.मा. विद्यालय में भारतीय राजनयिक एवं संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव श्रीमती लक्ष्मी पुरी पहुँचीं। उन्होंने विद्यालय के विकास कार्यों में योगदान देने की मंशा व्यक्त की और परिसर का अवलोकन किया। साथ में स्कूल प्रिंसिपल ओर अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

इस अवसर पर श्रीमती पुरी ने भावुक होते हुए बताया कि उनकी माताजी मालती देसाई एवं मौसी कमलिनी देसाई ने इसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त की थी। वे अक्सर यहां की शिक्षा, संस्कार और प्रेरणादायी वातावरण की चर्चा करती थीं। श्रीमती पुरी ने कहा कि इस संस्थान से मिली प्रेरणा उनके परिवार के लिए जीवनभर की पूंजी रही है। उन्होंने कहा कि वे सांदीपनि अहिल्याश्रम में अधोसंरचना एवं शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन हेतु सहयोग देने आई हैं। उनका उद्देश्य है कि विद्यालय में आधुनिक संसाधनों का विस्तार हो, ताकि यह संस्थान एक मॉडल स्कूल के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं समाज के सहयोग से विकास कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि इस ऐतिहासिक संस्थान की स्थापना 23 जून 1913 को तत्कालीन होलकर स्टेट के महाराजा तुकोजीराव होलकर (तृतीय) द्वारा 'चन्द्रावती महिला विद्यालय' के रूप में की गई थी, जिसका नाम महारानी चन्द्रावती होलकर के नाम पर रखा गया। इसी वर्ष 16 जून 1913 को 'अहिल्या आश्रम' की स्थापना भी की गई थी, जिसका उद्देश्य विधवा, परित्यक्ता, अनाथ एवं बेसहारा महिलाओं को आश्रय, शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना था। दोनों संस्थाओं का संचालन होलकर राज्य की खासगी निधि से किया जाता था। स्वतंत्रता पश्चात 1948 में होलकर राज्य के भारत संघ में विलय के बाद दोनों संस्थाओं का एकीकरण कर 'शासकीय अहिल्याश्रम एवं चन्द्रावती महिला उ.मा. विद्यालय' नाम दिया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर त्वरित सुधार कार्य प्रभावी रूप से किए जा रहे हैं। चिन्हित स्थानों पर अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार की सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

ब्लैक स्पॉट पर सभी जरूरी कार्य कर उन्हें सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में एडीएम श्री रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, एडिशनल एसपी श्री रूपेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों पर तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। समीक्षा में सामने आया कि जिले में कुछ नए ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित हुए हैं, जबकि कई स्थानों पर सुधार कार्य होने से स्थिति बेहतर भी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कर ऐसे स्थानों पर सुधार कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।

बैठक में बताया गया कि ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटना रोकने के लिए तत्काल अस्थायी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, डिवाइडर निर्माण तथा अंधे मोड़ों पर विशेष संकेतक लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर वर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को लेकर संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी अस्थायी सुरक्षा उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जैसे ही किसी स्थान पर ब्लैक स्पॉट की जानकारी मिलती है, वहां तत्काल टीम भेजकर पहले अस्थायी सुरक्षा उपाय लागू किए जाये, उसके बाद जल्द ही स्थायी समाधान की दिशा में कार्य शुरू किया जाए।

## इंदौर उपभोक्ता आयोग का महत्वपूर्ण आदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, इंदौर की सदस्य डॉ. निधि बारंगे (इंदौर-एक) ने श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) की आपूर्ति एवं सेवा में कमी से संबंधित एक प्रकरण में उपभोक्ता के हित में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया है। आयोग ने श्रवण यंत्र की गुणवत्ता में खामी तथा शिकायत के निराकरण में लापरवाही को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत 'सेवा में कमी' मानते हुए विपक्षी पक्ष को राशि वापसी एवं क्षतिपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार परिवादी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श एवं विपक्षी पक्ष के आश्वासन पर 73 हजार रुपये मूल्य का श्रवण यंत्र क्रय किया गया था। परिवादी का कहना था कि यंत्र कान में सही ढंग से फिट नहीं हुआ, जिससे उन्हें अत्यधिक दर्द, असुविधा एवं मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ा। परिवादी द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद विपक्षी पक्ष द्वारा यंत्र को केवल सुधारने का प्रयास किया गया, किंतु समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। इसके बाद परिवादी ने श्रवण यंत्र की राशि वापस करने की मांग की, परंतु निर्धारित समय में राशि लौटाई नहीं गई।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रतलाम को मिला राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत पर्यटन मुंबई एवं इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में देखो अपना देश कॉन्टैस्ट का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन आईएचएम भोपाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव मध्य प्रदेश पर्यटन डॉ. इलैयाराजा टी, एमडी मध्य प्रदेश पर्यटन अभय अरविंद बेड़ेकर, अर्पित शाह, विकास पांडे, राकेश रंजन, रोहित सरीन, सहायक निदेशक सुश्री मालती दत्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम से किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार का वितरण किया गया, जिसमें राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रतलाम को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार केंद्रीय विद्यालय भोपाल बैरसिया एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बुरहानपुर ने प्राप्त किया। बताया गया कि 'देखो अपना देश' भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसे वर्ष 2020 में आरंभ किया गया था। इसका उद्देश्य घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना तथा भारतीय नागरिकों को अपने ही देश की विविध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों को देखने और समझने के लिए प्रेरित करना है। 'देखो अपना देश' का अर्थ है — अपने देश को देखो — और यह पहल नागरिकों में भारत के समृद्ध एवं विविध पर्यटन स्थलों के प्रति गर्व और जिज्ञासा की भावना विकसित करने का प्रयास करती है।

पर्यटन मंत्रालय ने शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से 'देखो अपना देश स्कूल प्रतियोगिता' का शुभारंभ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देश भर के लगभग 1900 केंद्रीय एवं नवोदय विद्यालयों के करीब 15 लाख विद्यार्थियों को सशक्त बनाना था, ताकि वे देश के प्रत्येक जिले के लिए पर्यटन ब्रोशर की परिकल्पना कर सकें और उसका रचनात्मक डिज़ाइन तैयार कर सकें।

## अग्रसेन महासभा के सामूहिक विवाह समारोह के लिए 'घर जैसी शादी' की तैयारियां

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री अग्रसेन महासभा द्वारा 13-14 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस बार महासभा द्वारा बेटमा, सेमलियाचाऊ, इंदौर तथा उज्जैन के चार दूल्हों के विवाह बायपास स्थित महासभा के मांगलिक भवन पर धूमधाम से सम्पन्न होंगे। सामूहिक विवाह के लिए सभी तैयारियां 'घर जैसी शादी' की तरह की गई हैं। महासभा परिवार की महिलाऐं और नवयुगलों के रिश्तेदार मिलकर 13 फरवरी को महिला संगीत के साथ इस महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। दोनों पक्षों के मेहमानों को मांगलिक भवन के वातानुकूलित कक्षों में ठहराया जाएगा। प्रचार संयोजक अजय आलूवाले एवं सीए एसएन गोयल ने बताया कि महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल एवं अरुण आष्टा वाले के मार्गदर्शन में सामूहिक विवाह के लिए वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल को स्वागताध्यक्ष, मोहनलाल बंसल एवं प्रमोद बिंदल को कन्यादान व्यवस्था, भोजन व्यवस्था समिति का संयोजक मनोनीत किया गया है।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट का साफ निर्देश, लोकतंत्र में भरोसा बनाए रखना राज्य की जिम्मेदारी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी है। इसी मकसद से देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। मगर इसमें कई तरह की बाधाएं भी उत्पन्न हो रही हैं। कभी बड़ी संख्या में नागरिकों को मसविदा सूची से बाहर करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो कभी सियासी दलों की ओर से इस प्रक्रिया में नियमों के विपरीत दखल देने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि नई मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, ताकि सभी पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके और अपात्र या मृतकों के नाम सूची से हटाने का कार्य बिना किसी विवाद या बाधा के पूरा हो सके। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल से जुड़े ऐसे ही एक मामले में सोमवार को सभी राज्यों को स्पष्ट कर दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल न करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। आयोग का तर्क था कि आधार को नागरिकता का पहचान पत्र नहीं माना जा सकता, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया। अब पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया पर आए दिन नए-नए सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने खुद राज्य में मसविदा सूची में छूट गए मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया रोकने का निर्देश दिया था। आयोग ने माना था कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची के डिजिटलीकरण में तकनीकी समस्या की वजह से कई लोगों के नाम मसविदा सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं और ऐसे लोगों के लिए फिलहाल व्यक्तिगत सुनवाई की जरूरत नहीं है। मगर यह बात भी उतनी ही अहम है कि आयोग की इस कवायद में किसी राज्य सरकार का सीधे तौर पर दबाव या दखल देना उचित नहीं हो सकता।

# विरासत में मिली दुर्घटनाएँ: कैसे अभिभावकों का व्यवहार बच्चों के भविष्य को 'हैक' कर रहा है

**जब हम ट्रैफिक नियमों को तोड़ते हैं, तो हम केवल कानून नहीं तोड़ रहे होते; हम अपने बच्चों के अवचेतन मन में एक जानलेवा कोड लिख रहे होते हैं।**

एक पुरानी कहावत है कि 'बच्चे वो नहीं सीखते जो आप उन्हें सिखाते हैं, वे वो सीखते हैं जो आप करते हैं।' लेकिन आधुनिक विज्ञान ने इस कहावत को एक भयावह चेतावनी में बदल दिया है। जीवन के पहले छह वर्ष केवल विकास के नहीं, बल्कि 'प्रोग्रामिंग' के होते हैं। इस दौरान, एक बच्चे का मस्तिष्क किसी सुपरकंप्यूटर की तरह काम करता है, जो अपने आसपास की हर घटना, हर प्रतिक्रिया और हर व्यवहार को बिना किसी फिल्टर के डाउनलोड करता है। जब बात सड़क सुरक्षा और नागरिक व्यवहार की आती है, तो माता-पिता अनजाने में अपने बच्चों को एक ऐसी 'विषाक्त वसीयत' सौंप रहे हैं, जिसकी कीमत उन्हें भविष्य में अपनी जान देकर चुकानी पड़ सकती है।

### मिरर न्यूरॉन्स और 'मूक' प्रोग्रामिंग

अंतर्राष्ट्रीय मनोविज्ञान और न्यूरोसाइंस के शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि 6 वर्ष की आयु तक बच्चों में 'मिरर न्यूरॉन्स' अत्यधिक सक्रिय होते हैं। इटली की 'यूनिवर्सिटी ऑफ परमा' द्वारा खोजी गई यह प्रणाली बताती है कि जब एक बच्चा अपने पिता को लाल बत्ती पार करते हुए या हेलमेट न पहनने पर गर्व करते हुए देखता है, तो उसके दिमाग में वही न्यूरल पैटर्न सक्रिय होते हैं जो उस कार्य को स्वयं करने पर होते।



इसे अल्बर्ट बंडुरा के प्रसिद्ध 'सोशल लर्निंग थ्योरी' के संदर्भ में समझा जा सकता है। बंडुरा के प्रयोगों ने साबित किया कि बच्चे अवलोकन के माध्यम से आक्रामकता और नियम तोड़ने के व्यवहार को आत्मसात करते हैं। जब एक पिता ट्रैफिक पुलिसकर्मी से बहस करता है या गलत साइड से गाड़ी निकालता है, तो पीछे की सीट पर बैठा बच्चा इसे 'बहादुरी' या 'स्मार्टनेस' के रूप में रजिस्टर कर लेता है। यह उसके 'मूलभूत सॉफ्टवेयर' का हिस्सा बन जाता है।

इस विषय पर यूनिवर्सिटी ऑफ अलबामा, बर्मिंघम द्वारा किया गया एक व्यापक शोध अत्यंत प्रासंगिक है। इस अध्ययन में पाया गया कि जिन किशोरों के माता-पिता ड्राइविंग के दौरान लापरवाही बरतते थे (जैसे मोबाइल का उपयोग करना, गति सीमा तोड़ना, या सीट बेल्ट न लगाना), उनके बच्चों द्वारा सड़क पर वही गलतियाँ करने की संभावना अन्य बच्चों की तुलना में कई गुना अधिक थी।

शोधकर्ता जेसिका मिरमैन और उनके सहयोगियों ने 'बाल स्वास्थ्य और मानव विकास के राष्ट्रीय संस्थान' के एक अध्ययन में पाया कि माता-पिता की ड्राइविंग शैली और उनके बच्चों के दुर्घटना जोखिम के बीच एक सीधा 'इंटरजेनरेशनल ट्रांसमिशन' होता है। सरल शब्दों में, असुरक्षित ड्राइविंग एक अनुवांशिक बीमारी की तरह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में फैल रही है, जीन्स के जरिए नहीं, बल्कि व्यवहार के जरिए।

हमारा समाज एक सुविधाजनक पाखंड में जीता है। हम ड्राइंग रूम में बैठकर सरकार की आलोचना करते हैं, सड़कों के गड्ढों को कोसते हैं और ट्रैफिक पुलिस के भ्रष्टाचार पर भाषण देते हैं। लेकिन जैसे ही हम स्टीयरिंग थामते हैं, हम स्वयं नियमों की धज्जियां उड़ाने लगते हैं।

बच्चे इस विरोधाभास को पकड़ लेते हैं। वे सीखते हैं कि नियम केवल 'दूसरों' के लिए हैं या तब के लिए हैं जब पुलिस देख रही हो। जब हम अपनी गलतियों की जिम्मेदारी लेने के बजाय 'सिस्टम खराब है' कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं, तो हम अपने बच्चों को 'जवाबदेह जिम्मेदारी' के बजाय 'बहाना बनाना' सिखा रहे होते हैं। यह मानसिक प्रोग्रामिंग उन्हें भविष्य में एक गैर-जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

### प्राणों से चुकानी पड़ती है कीमत

यह मुद्दा केवल चालान कटने या ट्रैफिक जाम का नहीं है; यह जीवन और मृत्यु का है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं बच्चों और युवाओं की मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। जब एक युवा सड़क पर तेज रफ़्तार में गाड़ी चलाता है, तो अक्सर वह उस रोमांच को दोहरा रहा होता है जो उसने बचपन में अपने पिता की ड्राइविंग में महसूस किया था।

दुखद वास्तविकता यह है कि माता-पिता द्वारा सड़क पर की गई 'छोटी सी चालाकी' (जैसे वन-वे में गाड़ी डालना) बच्चे के लिए एक 'जीवन कौशल' बन जाती है। और जब वर्षों बाद, वही बच्चा सड़क दुर्घटना का शिकार होता है, तो हम भाग्य या भगवान को दोष देते हैं। जबकि वास्तविकता में, उस दुर्घटना की पटकथा बरसों पहले, उसी कार की पिछली सीट पर लिखी गई थी जहाँ उसने अपने पहले गुरु—अपने माता-पिता—को नियमों का मजाक उड़ाते देखा था।

समय आ गया है कि हम स्वीकार करें कि सड़क सुरक्षा शिक्षा स्कूलों या सरकारी विज्ञापनों से शुरू नहीं होती; यह घर के गैरेज से शुरू होती है। हमें अपने बच्चों का 'रोल मॉडल' बनना होगा, न कि केवल उनका 'फाइनेंसर'।

अगली बार जब आप ट्रैफिक सिग्नल पर रुकें, तो याद रखें, आप केवल गाड़ी नहीं चला रहे हैं, आप अगली पीढ़ी के भविष्य को दिशा दे रहे हैं। यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सुरक्षित घर लौटें, तो हमें पहले उन्हें यह सिखाना होगा कि सुरक्षित कैसे चला जाता है, शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से। क्योंकि आपकी संतान आपकी बात शायद अनसुनी कर दे, लेकिन वे आपके कृत्य को कभी नहीं भूलती।



– **राजकुमार जैन,** यातायात प्रबन्धन विशेषज्ञ

## आंचलिक

### खंडवा महापौर ने बजट को महिलाओं के सम्मान का बताया, महिला संवाद कार्यक्रम में दिया मार्गदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन •** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने कपास मंडी में 'महिला संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान खंडवा महापौर अमृता यादव ने केंद्र सरकार के 'विकसित भारत बजट' पर मार्गदर्शन दिया। महापौर अमृता यादव ने बजट को महिलाओं के सम्मान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने लाडली बहना, उज्ज्वला योजना और लखपति दीदी जैसी योजनाओं को महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली बताया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ स्वयं लेने के साथ-साथ दूसरों को भी दिलाने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं पर अटूट भरोसा किया है। उन्होंने महिलाओं से उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए बनाई गई योजनाओं पर विश्वास रखने का आह्वान किया। खरगोन विधायक बालकृष्ण




पाटीदार ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस बात को ध्यान में रखा है कि बजट से सबसे अधिक महिलाएं प्रभावित होती हैं। इसलिए सरकार ने महिलाओं के बीच जाकर उन्हें बजट के फायदों से अवगत कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि 'विकसित भारत' के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

### रेजिडेंट डॉक्टरों को नहीं मिली सालाना स्टाइपेंड वेतनवृद्धि, जूडा एसोसिएशन नाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत रेजिडेंट डॉक्टरों को साल 2025 की सालाना स्टाइपेंड वेतनवृद्धि अब तक नहीं मिली। जिससे कि अब असंतोष सामने आया हैं। मामले में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने मेडिकल कॉलेज के डीन को ज्ञापन देकर 15 दिन में कार्रवाई की मांग हैं। एसोसिएशन ने चेताया कि समय-सीमा में निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन करेंगे।

#### आदेश के बाद भी नहीं मिली वेतनवृद्धी

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने आवेदन में बताया कि, राज्य शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 5 अक्टूबर 2018 को एक आदेश जारी किया था। इस अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्ययनरत इंटर्न, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी रेजिडेंट डॉक्टरों के



स्टाइपेंड में प्रतिवर्ष वेतनवृद्धि का स्पष्ट प्रावधान है। पूर्व वर्षों में इस आदेश का नियमित रूप से पालन भी किया जाता रहा है। इसके बावजूद, खंडवा मेडिकल कॉलेज में साल 2025 तक रेजिडेंट डॉक्टरों की वार्षिक स्टाइपेंड वेतनवृद्धि लागू नहीं की गई है। एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा ने कहा कि, स्टाइपेंड में वेतनवृद्धि ना होने से आर्थिक, मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, आवास, भोजन और शैक्षणिक खर्चों को देखते हुए यह वेतनवृद्धि जरूरी हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की मांग है कि शासन आदेश के पालन में आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करते हुए प्रकरण को संबंधित विभाग को भेजें। ताकि साल 2025 की लंबित वार्षिक स्टाइपेंड वेतनवृद्धि को स्वीकृति मिल सके।

#### निराकरण ना हुआ तो आंदोलन करेंगे

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि पत्र की तिथि से 15 दिन के भीतर कोई ठोस व सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन शासन स्तर पर वैधानिक व संगठनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था या प्राधिकरण की होगी।

### फर्जी आपत्तियों का विरोध, आरिफ मसूद बोले, मतदाता सूची से नाम नहीं कटने देंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर •** कांग्रेस द्वारा शहर के इकबाल चौक में एक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें विधायक आरिफ मसूद ने संबोधन दिया। उन्होंने मतदाता सूची में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान लगाई गई फर्जी आपत्तियों का विरोध करते हुए कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से कटने नहीं दिया जाएगा। यह आम सभा देर रात तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मसूद ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक आपत्तियां बुरहानपुर में दर्ज की गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये आपत्तियां कांग्रेस बहुल क्षेत्रों और विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर लगाई गई हैं। उन्होंने मतदाताओं को आगाह किया कि बीएलओ उन्हें नोटिस जारी नहीं करेंगे, इसलिए उन्हें स्वयं अपने नाम सूची में देखने होंगे। मसूद ने चेतावनी दी कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम काटा जाता है, तो वे प्रशासन के खिलाफ भी खड़े हो जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अगले दो दिनों के भीतर अपनी मतदाता सूची में नाम की जांच कर लें। इस दौरान कांग्रेस में गुटबाजी भी देखने को मिली, क्योंकि विधायक मसूद कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने और रात में आम सभा के दौरान पार्टी के कई स्थानीय नेता अनुपस्थित थे। हालांकि, मसूद ने गुटबाजी से इनकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो कांग्रेस नेता अभी लोगों के लिए खड़े नहीं हो रहे हैं, उन्हें घर बैठा दिया जाएगा। मसूद ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे सतर्क रहें और अपने नाम की जांच करें। यदि कोई आपत्ति लगी है, तो उसका जवाब देकर उसे दुरुस्त कराएं, क्योंकि समय निकलने के बाद नाम काटने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और तब समस्या का समाधान करना मुश्किल होगा।

### रेलवे की जमीन है तो मकान टूटेंगे, कांग्रेस ने बोर्ड एग्जाम का हवाला दिया, सूरजकुंड के लोगों को दो महीने का समय मिला



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** शहर के सूरजकुंड वार्ड में मकान तोड़ने की कार्रवाई का अल्टीमेटम दिए जाने से डर का माहौल बन गया है। स्कूली बच्चें पढ़ाई नहीं कर पा रहे, उन्हें हर वक्त बेघर होने का डर सता रहा है। रेलवे ने अपनी जमीन बताकर एक हफ्ते के भीतर मकान खाली किए जाने को लेकर मुनादी करा दी है। इधर, कांग्रेस ने मामले को कलेक्टर के सामने रखा, बोर्ड एग्जाम का हवाला दिया। तब जाकर कलेक्टर ने लोगों को दो महीने का समय दिया हैं। सूरजकुंड वार्ड क्रमांक-3 में कई परिवारों ने रेलवे की जमीन पर मकान बना लिए है। जिसमें कई लोगों को शासन ने पट्टे भी दे रखे हैं। बावजूद वहां से पट्टेधारियों को मकान खाली करने के लिए नोटिस दिए गए हैं। इसके विरोध में लोग कलेक्टर से मिलने पहुंचे। कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने प्रशासन के सामने बात रखी। उन्होंने कहा कि यदि जमीन रेलवे की है तो फिर वार्डवासियों को शासन ने पट्टे क्यों दिए। क्यों उनकी भावनाओं से खेला गया। गरीब मजदूर वर्ग के लोग हैं। बेघर करने से पहले उन्हें आवास का लाभ दिया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि, सूरजकुंड के रहवासियों के साथ जाकर कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने फिलहाल दो महीने का वक्त दिया है। कलेक्टर ने कहा कि पूरी जमीन रेलवे की है तो रेलवे अपने हिसाब से कार्रवाई करेंगे। ऐसे में मकान टूटना तो तय है। बोर्ड एग्जाम को ध्यान में रखते हुए फिलहाल दो महीने का समय दिया गया है।

### गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच में लापरवाही, कलेक्टर ने डॉक्टर-एएनएम के वेतन काटने, ऑपरेटर को हटाने के निर्देश दिए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच में लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सख्त रुख अपनाया है। पुनासा विकासखंड की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर जांच नहीं करने और पोर्टल पर जानकारी अपडेट न करने वाले डॉक्टरों, एएनएम और ऑपरेटरों पर



वेतन कटौती से लेकर पद से हटाने तक की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को ओंकारेश्वर पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारी और हेल्थ वर्कर को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच 9 माह के दौरान कम से कम 4 बार अनिवार्य रूप से की जाए। गांव की स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक गर्भवती महिला का समय से हेल्थ चेकअप कराना सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने कहा कि, यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या सामने आती है तो उसे तत्काल विकासखंड या जिला अस्पताल में सीनियर डॉक्टर से चेकअप कराकर इलाज उपलब्ध कराए। ताकि प्रसव के समय जटिलताओं से बचा जा सके। सभी जांच और संबंधित जानकारी विभागीय पोर्टल पर समय पर दर्ज की जाए। एनीमिक (खून की कमी) गर्भवती महिलाओं के मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। इसी तरह संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने व मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने पर जोर दिया।

### पुलिस लाइन में चोरी करने वाला धराया, पुलिस क्वार्टर को ही बनाता था निशाना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के घरों को निशाना बनाने वाले शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने धार से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दिपेश उर्फ दिपेंद्र (29) एक लिस्टेड बदमाश है, जो इतनी कम उम्र में 16 चोरियां कर चुका है। खास बात यह है कि यह चोर पुलिस क्वार्टर्स को ही अपना निशाना बनाता था। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 5 लाख रुपए का सोना-चांदी और नकदी बरामद की है। कोतवाली टीआई प्रवीण आर्य के मुताबिक, पुलिस लाइन के दो सरकारी क्वार्टरों में 20 जनवरी को चोरी की वारदात हुई थी। ट्रैफिक थाने में पदस्थ आरक्षक करणपाल सिंह (33) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह मैहर से खंडवा लौटे, तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। चोर उनके घर से सोने की चेन, कान के झुमके, चांदी की पायल सहित 90 हजार रुपए नकदी ले गए थे। करणपाल सिंह के पड़ोसी सुरेश खरते के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया था। उनके घर से एक मंगलसूत्र, दो अंगूठियां, सोने के झुमके, पायल और 6 हजार रुपए नकदी चोरी गए थे।

# नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम




**नई दिल्ली (एजेंसी)** • आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का 18वां मुकाबला गुरुवार को भारत और नामीबिया के बीच अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय समय अनुसार शाम 07:00 बजे से शुरू होगा। गौरतलब है कि इन दोनों ही टीमों के बीच अब तक सिर्फ एक ही टी-20 इंटरनेशनल खेला गया है, जो कि साल 2021 के वर्ल्ड कप में हुआ था। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने सिर्फ 15.2 ओवर में 133 रनों का लक्ष्य हासिल करके नौ विकेट से शानदार जीत हासिल की थी। भारत ने टूर्नामेंट में अपना पहला मैच मुंबई में यूएसए के खिलाफ खेला था, जिसमें उसने 29 रन से जीत दर्ज की थी। टीम इंडिया ने जीत के साथ विश्व कप का आगाज किया है। ऐसे में सूर्या एंड कंपनी इस लय को बरकरार रखना चाहेगी। दूसरी ओर नामीबिया इसी मैदान पर नीदरलैंड के हाथों हार चुकी है। टी-20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में बुखार के कारण तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं खेले थे। अब बुमराह पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार को गेंदबाजी का अभ्यास भी किया। ऐसे में बुमराह की नामीबिया के खिलाफ प्लेइंग 11 में वापसी हो सकती है। अगर बुमराह आते हैं तो मोहम्मद सिराज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

# थिएटर कम होने से फिल्में नही कर पाती पूरी कमाई : आमिर खान



**मुंबई (एजेंसी)** • आमिर खान ने सिनेमा हॉल की कमी को लेकर चिंता जाहिर की है। एक इंटरव्यू में आमिर खान ने कहा कि भारत में थिएटरों की संख्या बहुत कम है, जिसकी वजह से बड़ी फिल्मों को भी अपनी पूरी क्षमता के मुताबिक बॉक्स ऑफिस कमाई हासिल नहीं हो पाती। आमिर ने अपनी बातें रखते हुए अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे ज्यादा स्क्रीन मिलने पर भारतीय फिल्मों की कमाई कई गुना बढ़ सकती है। आमिर खान ने चीन का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां लगभग एक लाख से ज्यादा सिनेमा स्क्रीन मौजूद हैं, जबकि भारत में अभी मुश्किल से 9,000 के आसपास स्क्रीन हैं। उन्होंने कहा, 'हम आउटलेट्स के मामले में चीन के दसवें हिस्से जितने भी नहीं हैं। चीन में जब कोई बड़ी फिल्म रिलीज होती है, तो वह अकेले अपने देश में ही दो बिलियन अमेरिकी डॉलर तक कमा लेती है। इतनी बड़ी कमाई सिर्फ उनके बॉक्स ऑफिस की ताकत से आती है।' उन्होंने आगे कहा कि भारत में इतने सीमित थिएटर होने के कारण फिल्मों की कमाई रुक जाती है।

## बीडब्ल्यूएफ कार्यक्रम में भारतीय बैडमिंटन को नुकसान

**कुआलालंपुर (एजेंसी)** • विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने भारतीय बैडमिंटन को करार झटका देते हुए सैयद मोदी टूर्नामेंट का दर्जा कम किया गया है हालांकि इंडिया ओपन बैडमिंटन का दर्जा पहले जैसा ही रखा गया है। इसके अलावा भारत में होने वाले आयोजनों की संख्या को चार से कम करते हुए दो कर दिया गया है। इंडिया ओपन का सुपर 750 दर्जा बना रहेगा पर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया है जबकि विश्व टूर कार्यक्रम से गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट को बाहर कर दिया गया है। इन टूर्नामेंटों को साल 2023 में शुरू किया गया था। सैयद मोदी टूर्नामेंट साल 2018 से ही विश्व टूर सुपर 300 स्तर का टूर्नामेंट रहा है पर अब ये अगले सत्र से आठ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक होगा। इस टूर्नामेंट के स्तर को कम करने या ओडिशा और गुवाहाटी के टूर्नामेंटों को कैलेंडर से हटाने के पीछे के कारण विश्व संस्था ने नहीं बताये हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया ओपन को 2023 में सुपर 750 का दर्जा दिया गया था जो बना रहेगा। वह अपनी ग्रेड दो, लेवल तीन स्थिति बनाए रखेगा और 2027-30 के नए चक्र में भी पांच सुपर 750 टूर्नामेंटों में शामिल रहेगा।

## हसरंगा बाहर हुए, दुशान हेमंथा को मिल सकती है जगह

**कोलंबो (एजेंसी)** • श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गये हैं। हसरंगा जैसे बेहतरीन गेंदबाज का इस प्रकार टूर्नामेंट से बाहर होना सह-मेजबान श्रीलंका के लिए करारा झटका है। हसरंगा को कोलंबो में रविवार को आयरलैंड के खिलाफ हुए मैच के दौरान चोट लगी थी, जांच के बाद पाया गया कि वह आगे नहीं खेल पायेंगे क्योंकि उनकी चोट गंभीर है। इंग्लैंड के एक विशेषज्ञ ने रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर होने की सलाह दी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अब हसरंगा चार सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। हसरंगा की कमी पूरी करना लंकाई टीम के लिए संभव नहीं है। वह एक मैच विजेत गेंदबाज होने के साथ ही निचले क्रम में एक उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप स्तर के पहले ही मैच में हसरंगा ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए थे।



हसरंगा की जगह अब टीम में लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को शामिल किये जाने की संभावना है। हेमंथा ने श्रीलंका की ओर से अब तक 5 एकदिवसीय और तीन टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 6 विकेट लिए हैं। श्रीलंका को दूसरा ग्रुप मैच 12 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसके बाद 16 फरवरी को उसे पल्लेकेले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और अंत में 19 फरवरी को कोलंबो में जिम्बाब्वे से खेलना है।

# संघर्ष के दिन याद किए सुभाष घई ने, साझा की यादें

**मुंबई (एजेंसी)** • फिल्म 'कालिचरण' ने अपनी रिलीज के 50 साल पूरे कर लिए। बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक सुभाष घई ने इस खास मौके पर इंस्टाग्राम पर फिल्म की दुर्लभ तस्वीरें साझा कर पुराने दिनों को याद किया। सुभाष घई के लिए उनकी पहली निर्देशित फिल्म 'कालिचरण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ रही है। तस्वीरों में शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय और फिल्म की पूरी टीम नजर आ रही है, जिसने एक युग के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। सुभाष घई ने भावुक होते हुए लिखा कि आज से ठीक 50 साल पहले उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया था। 'मेरी पहली निर्देशकीय फिल्म 'कालिचरण' रिलीज हुई थी। उस दिन मैं बहुत घबराया हुआ था, क्योंकि उससे पहले मैंने अभिनय और दूसरों के लिए पटकथा लिखने में पूरे 10 साल संघर्ष किया था।' निर्देशक ने कहा कि फिल्म की सफलता ने उनका करियर नया मोड़ दिया और उन्हें पहचान दिलाई, जिसके बाद उनका फिल्मी सफर लगातार आगे बढ़ता गया। उन्होंने 'कालिचरण' की पूरी टीम के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। सुभाष ने लिखा कि वह आज भी निर्माता, कलाकार, सह-लेखक और तकनीकी टीम के आभारी हैं, जिन्होंने उस समय उन पर भरोसा किया जब उन्हें निर्देशन का कोई अनुभव नहीं था। उन्होंने कहा कि उन सभी की मेहनत और विश्वास ने ही 'कालिचरण' को यादगार फिल्म बनाया और उन्हें एक सफल निर्देशक बनने का मौका दिया। 1976 में रिलीज हुई इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म ने न केवल सुभाष घई को निर्देशक के रूप में स्थापित किया, बल्कि शत्रुघ्न सिन्हा के करियर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा, रीना रॉय, अजीत और डैनी डेन्जोंगपा अहम किरदारों में नजर आए थे।



## उज्जैन संभाग

# सीएम यादव ने की आयुर्वेदिक एम्स की घोषणा हरियाखेड़ी जल परियोजना का भूमिपूजन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन के हरियाखेड़ी में 1133.67 करोड़ रुपए की जल आवर्धन परियोजना का वेद मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 16 वाहनों और पांच अन्य गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने मंच से उज्जैन में आयुर्वेदिक एम्स की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा कि भगवान धन्वंतरि से जुड़े ऐतिहासिक महत्व के कारण यह संस्थान उज्जैन में ही स्थापित किया जाएगा। उन्होंने संदीपनी आश्रम, मंगलनाथ मंदिर, शनि मंदिर, चिंतामन गणेश मंदिर और अंगारेश्वर मंदिर क्षेत्र में विकास कार्य कराने की भी घोषणा की।



सीएम ने कहा कि हरियाखेड़ी योजना के तहत 17 नई पानी की टंकियां बनाई जाएंगी, जिससे भविष्य में जल आपूर्ति सुचारु रहेगी। इसके अलावा नागझिरी और निनोरा क्षेत्र में रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। यहां कार्य करने वाली महिलाओं को सरकार की ओर से 5 हजार रुपए तक की सहायता दी जाएगी। कालिदास अकादमी में शेड निर्माण और मार्च में साइंस कॉलेज परिसर में 1200 सीटों की क्षमता वाले गीता भवन के लोकार्पण की भी घोषणा की गई। साथ ही उज्जैन-पीथमपुर रोड के भूमि पूजन की बात भी कही। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री कालिदास अकादमी पहुंचे। इस दौरान पूर्व मंत्री पारस जैन, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हरियाखेड़ी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल का निर्माण किया जा रहा है। अंबोदिया (70 एमएलडी), गौघाट (80 एमएलडी) एवं हरियाखेड़ी (100 एमएलडी) में नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण होगा। जिनकी क्षमता 250 एमएलडी होगी। उक्त जल शोधन यंत्री से मौजूदा 7 जल शोधन संयंत्रों (कुल 151 एमएलडी क्षमता) को मजबूत एवं उन्नत किया जाएगा। 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे परियोजना अंतर्गत 600 से 3000 किलो लीटर क्षमता के 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। योजना अंतर्गत 708 किमी पाइप लाइन रहेगी। जिसमें लगभग 534 किलोमीटर लंबा नया वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा और पुरानी एसीपी पाइपलाइन भी बदली जाएगी। 49,087 नए घरेलू कनेक्शन दिए जाएंगे शुद्ध पानी के लिए 150 से 800 मिमी व्यास की क्लियर वॉटर पाइपलाइन (लगभग 136 किलोमीटर) बिछाई जाएगी। पानी के लिए 900 से 1300 मिमी व्यास की रॉ वॉटर पाइपलाइन (लगभग 39.75 किलोमीटर) का निर्माण किया जाएगा।

### योजना में 20 गांव भी शामिल

सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 228 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्रामों को भी योजना में शामिल किया गया है। ये ग्राम नगरीय विस्तार क्षेत्र में स्थित होने के कारण भविष्य में जल मांग में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उक्त परियोजना सिंहस्थ 2028 के बाद उज्जैन शहर की वर्ष 2055 तक की जल आपूर्ति जरूरतों को पूर्ण करने में सक्षम होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पौधारोपण भी किया।

## दो गांजा तस्करों को 20 साल की सजा, स्पेशल कोर्ट ने 1-1 लाख का जुर्माना भी लगाया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** •जिले के सुसनेर थाना क्षेत्र में अवैध गांजा परिवहन के मामले में विशेष न्यायालय ने दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस फैसले को मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### नाकाबंदी में पकड़ा गया था ट्रक

यह मामला 12 दिसंबर 2023 का है। सुसनेर पुलिस ने थाना परिसर के सामने मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की थी। इसी दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में ट्रक के केबिन और डाले से कुल 372 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी गांजा राजस्थान की ओर ले जा रहे थे।

### दो आरोपी मौके से गिरफ्तार

मौके से रामबाबू पिता रमेशचंद दांगी (23), निवासी जेताखेड़ी, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) और कमलेश पिता नरसिंह लाल दांगी (24), निवासी अमानपुरा, नयागांव, थाना सोयतकलां (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना पूरी होने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विशेष न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अशोक कुमार गवली ने की।

## पंचमपुरा मार्ग चौड़ीकरण में किसी को एक तो किसी को दो फीट के लिए भी नोटिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •टैगोर चौराहा से दो तालाब तक (पंचमपुरा) मार्ग चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की तरफ से भवन स्वामियों को नोटिस बंटना शुरू हो गए हैं। मार्ग विस्तार में 50 से अधिक भवन-प्रतिष्ठान ऐसे है जो कि एक-दो फीट ही प्रभावित हो रहे हैं। लिहाजा ये मांग उठने लगी है कि मार्ग के विस्तार में प्रस्तावित तीन फीट का डिवाइडर छोटा किया जाए ताकि ये लोग प्रभावित होने से बच सकेंगे। नए शहर का पंचमपुरा वाला ये मार्ग वर्तमान में सिंगल लेन व संकरा है। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इसे करीब 60 फीट चौड़ा किया जाना है। निगम की तरफ से यहां रहवासियों को नोटिस जारी करने के साथ ही प्रभावित होने वाले भवन-प्रतिष्ठानों पर निशान भी लगा ?दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि नोटिस में सात दिन में अपने भवन-दुकानों का प्रभावित हिस्सा स्वयं हटा लेने के लिए कहा गया है। यहां कई के केवल ओटले, कुछ के एक से दो फीट तक के हिस्से व गैलरी आदि इस विस्तार में प्रभावित हो रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महिदपुर में हुई एक घटना किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिसमें तेज रफ्तार एक कार ने ट्रैक्टर को ऐसी टक्कर मारी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए, लेकिन उसमें मौजूद दो लोग सुरक्षित ट्रैक्टर से बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर उज्जैन से 60 किमी दूर महिदपुर के में करीब 11:43 बजे काजीखेड़ी स्थित पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर और एसयूवी कार की आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह अलग हो गया। वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक के हाथ-पैर में चोट आई है। सूचना



मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल चालक को इलाज के लिए उज्जैन ले जाया गया। वहीं हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रांसजेंडर मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर इनामी राशि बढ़ायी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं धारा-18 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 में फरार आरोपी अक्षय कुमायुं निवासी इन्दौर की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) नगरीय पुलिस श्री अमित सिंह ने 20 हजार रुपये का नगद इनाम घोषित किया है। सूचनाकर्ता की पहचान, उसकी इच्छा अनुसार, पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। एक से अधिक सूचनाकर्ता अथवा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी होने की स्थिति में उद्घोषित पुरस्कार के वितरण संबंधी अंतिम निर्णय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) नगरीय पुलिस इन्दौर का मान्य होगा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) नगरीय पुलिस श्री अमित सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरणों में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हरसंभव प्रयास किए जाने के बावजूद आरोपी घटना दिनांक से निरंतर फरार है। आज दिनांक तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### एमआर-10 जक्शन और रालामंडल ओवरब्रिज कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एमआर-10 जक्शन पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने रालामंडल ओवरब्रिज का भी निरीक्षण किया।

# यशवंत क्लब पर दो करोड़ का टैक्स बाकी

## चुनाव के पहले भवन मंजूरी की कोशिश, उलझा नगर निगम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के प्रतिष्ठित यशवंत क्लब और नगर निगम के बीच दो करोड़ के बकाया संपत्ति कर को लेकर विवाद गहरा गया है। आगामी चुनाव के मद्देनजर क्लब भवन निर्माण की अनुमति चाहता है, जबकि निगम कर वसूली पर अड़ा है। इंदौर और मध्यप्रदेश के सबसे बड़े क्लब में पहचान रखने वाले यशवंत क्लब का नगर निगम से विवाद गहराता जा रहा है। क्लब पर निगम का दो करोड़ से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इसके बावजूद, लगातार याचिकाएं लगाकर वह भवन मंजूरी पाने में जुटा हुआ है। यह सारी कवायद जून 2026 में होने वाले चुनाव से जुड़ी है। वहीं इसमें नगर निगम उलझ गया है।

यशवंत क्लब की साल 2020 में नपती हो गई थी। इसके बाद इंदौर नगर निगम ने नए सिरे से टैक्स की गणना की और नई डिमांड जारी की थी। इस डिमांड के खिलाफ क्लब ने याचिका (19108/2020) दायर की थी।

इसमें 2022 में अंतरिम आदेश हुआ कि 30 प्रतिशत टैक्स क्लब के जरिए भर दिया जाए और बाकी याचिका चलती रहेगी। तब क्लब पर करीब 68 लाख रुपए का टैक्स था। इसके बाद क्लब ने संपत्ति कर भरना बंद कर दिया था।

इसके बाद क्लब ने शांति पकड़ ली। हाल ही में क्लब ने 100 नए सदस्य बनाकर उनसे 25 करोड़ की राशि जमा कर क्लब में नए विकास, भवन की योजना बनाई। इसमें नक्शा मंजूरी के लिए आवेदन किया तो निगम के पोर्टल ने टैक्स बकाया होने पर यह आवेदन लिया ही नहीं। पोर्टल में नियम है कि जब तक निगम के पूरे टैक्स जमा नहीं होंगे, पोर्टल एक्सेस ही नहीं देगा। इसी तरह का केस जुपिटर अस्पताल का हुआ था। इसमें भी शासन और निगम ने मंजूरी नहीं दी थी।




इसके बाद क्लब ने भवन मंजूरी के लिए साल 2025 में रिट पिटीशन (32538/25) दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में इसमें निगम को भवन नक्शा पास करने के आदेश दिए थे। वहीं, प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने की बात कहते हुए निगम ने इसमें रिट अपील (86/2026) दाखिल की थी। लेकिन 7 जनवरी को यह याचिका खारिज हो गई थी। इसमें निगम ने कहा कि क्लब स्टे के बाद से ही टैक्स नहीं भर रहा है। लेकिन याचिका खारिज हो गई थी। वहीं क्लब ने हाईकोर्ट सिंगल बेंच के आदेश के बाद भी नक्शा पास नहीं होने पर अवमानना याचिका (735/26) दायर कर दी थी। इसमें 3 फरवरी को आदेश हुआ कि 30 दिन में सिंगल बेंच के आदेश का पालन किया जाए।

**क्लब चुनाव के पहले श्रेय की राजनीति**-दरअसल क्लब में जून 2026 में मैनेजिंग कमेटी के चुनाव हैं। इसी के चलते ही पहले चार साल में 25-25 करके बनाए जाने वाले 100 नए सदस्यों को काम दो साल में ही पूरा कर लिया गया, जिससे चुनाव में वोट का फायदा हो। वहीं अब नई सदस्यता से मिली राशि से जल्द से जल्द नए भवन के निर्माण काम की आधारशिला रखने की जद्दोजहद जारी है, जिससे इसका लाभ जून में होने वाले चुनाव में उठाया जा सके। इसके चलते क्लब इसमें लगातार एक के बाद एक याचिकाएं दायर कर रहा है। यानी तय है कि एक माह में भवन की मंजूरी निगम ने नहीं दी तो फिर क्लब नई अवमानना याचिका दायर कर देगा जो निगम की मुश्किलें बढ़ाएगा। वहीं इसी के चलते निगम ने भी पुरानी याचिका में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली पर लगे स्टे को हटाने की कोशिश तेज कर दी है।

### अब निगम ने जल्द सुनवाई के लिए लगाया आवेदन

वहीं अब इस आदेश के बाद नगर निगम ने भी क्लब से अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए साल 2020 से चल रही याचिका में आवेदन लगाया है। नगर निगम ने मांग की है कि स्टे के बाद से ही क्लब ने प्रॉपर्टी टैक्स बकाया नहीं दिया है। यह अब बढ़कर दो करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है। आवेदन में बकाया टैक्स की मांग की गई है। उधर क्लब के नए भवन की मंजूरी का फैसला भी निगम को अवमानना याचिका के आदेश के तहत 30 दिन में करना है।

# महू रेलवे स्टेशन विस्तार को हरी झंडी

## जमीन अधिग्रहण शुरू; महाराष्ट्र और गुजरात कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में डॉ. आंबेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन को लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज बनाने की कवायद के तहत ब्रॉड गेज लाइन बिछाए जाने के बाद कई ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। हालांकि, स्टेशन परिसर में जगह की कमी के कारण स्टेशन विस्तार और ट्रेनों के ठहराव में परेशानी आ रही थी।

इसी को देखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा रक्षा मंत्रालय को भूमि अधिग्रहण के लिए पत्र लिखा गया था। रेलवे स्टेशन के समीप स्थित अवैध खान, कंचन विहार और खान कॉलोनी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। अतिक्रमण हटने से रेलवे को लगभग साढ़े तीन एकड़ भूमि उपलब्ध होगी, जिससे स्टेशन विस्तार में आ रही बाधाएं दूर होंगी।




### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

मंगलवार को रक्षा संपदा विभाग, केंट बोर्ड महू और पश्चिम रेलवे के अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान जेसीबी, पोकलेन, डंपर, ट्रैक्टर सहित अन्य भारी मशीनों का उपयोग किया गया। कर्मचारियों द्वारा कई मकानों को हथौड़ों से तोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि नोटिस जारी होने के बाद कुछ लोगों ने स्वयं भी अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिए थे।

**कार्रवाई का विरोध :** अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षेत्रवासियों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि वे वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं और मकान टूटने से वे बेसहारा हो जाएंगे। लोगों की आपत्तियों के बावजूद अधिकारियों ने कार्रवाई जारी रखी।

इस मामले में राकेश परमार (एसडीएम महू) ने कहा कि रेलवे की जमीन है रक्षा संपदा विभाग द्वारा नोटिस जारी किए थे इसके बाद अवैध रूप से निर्मित मकान एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

**मनमाड एवं गोधरा से कनेक्टिविटी :** डॉ. आंबेडकर नगर महू से मनमाड तथा दाहोद-गोधरा रेल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने के बाद महू से खंडवा होकर महाराष्ट्र जाने वाली ट्रेनों की संख्या में वृद्धि होगी। वहीं दाहोद-गोधरा लाइन शुरू होने से धार और झाबुआ क्षेत्र के यात्रियों को गुजरात जाने में सुविधा मिलेगी।

वर्तमान में महू से रीवा, प्रयागराज इंटरसिटी सहित कई ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इसके अलावा कई ट्रेनें महू स्थित लोको शेड में धुलाई के लिए आती हैं। स्टेशन विस्तार के बाद आने वाले दिनों में ट्रेनों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

# सिंहस्थ के पहले इंदौर-उज्जैन ग्रीन कॉरिडोर का रास्ता साफ

## 662 किसानों को 626 करोड़ का मुआवजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। 662 किसानों को 626 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार लगातार कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दे रही है। इसमें इंदौर-उज्जैन के बीच ग्रीन फील्ड कॉरिडोर भी अहम है। इस प्रोजेक्ट की एक बड़ी बाधा दूर हो गई है। जमीन अधिग्रहण को लेकर 20 गांवों के 662 किसानों को 626 करोड़ 49 लाख का अवॉर्ड पारित किया गया है।



यह फोरलेन कॉरिडोर इंदौर के पितृ पर्वत से उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर तक 48 किमी लंबा है। लागत दो हजार करोड़ रुपए है। सिंहस्थ 2028 के लिए यह कॉरिडोर अहम है। इंदौर जिला प्रशासन ने 20 गांवों के 662 किसानों की सुनवाई कर यह अवॉर्ड पारित किया है। इसके साथ ही अब जमीन लेने का काम शुरू हो जाएगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने एसडीओ के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रोजेक्ट में इंदौर जिले में इसके लिए 175 हेक्टेयर से अधिक जमीन ली जानी है। इसमें हातोद तहसील के 255 किसानों की 75 हेक्टेयर, सांवेर में 395 किसानों की करीब 100 हेक्टेयर जमीन है। किसानों की संख्या और मुआवजे को देखा जाए तो औसतन 95 लाख रुपए प्रति किसान को मुआवजा मिलेगा। यह नया कॉरिडोर एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन होगा। यानी इसमें कोई भी बीच में नहीं घुस सकेगा। तय जगह से ही इंट्री और एक्जिट होगा। प्रोजेक्ट इंदौर में पितृ पर्वत से उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर तक है।

# स्कूल में हिंदू और मुस्लिम छात्रों का अलग-अलग हुआ वार्षिकोत्सव

## पार्षद का दावा क्लास भी अलग लगती है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के एक निजी स्कूल पर हिंदू और मुस्लिम छात्रों के लिए अलग-अलग वार्षिकोत्सव आयोजित करने का आरोप लगा है। इस कदम ने भेदभाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

इंदौर के एक निजी स्कूल ने वार्षिकोत्सव दो दिन किया। इसमें एक दिन हिंदू छात्र और उनके पालक आए तो दूसरे दिन मुस्लिम छात्र और उनके पालक। इससे नया विवाद खड़ा हो गया है। हालांकि विवादों के बाद स्कूल ने इसके दूसरे कारण बताते हुए सफाई दी है। वहीं क्षेत्रीय पार्षद रूबीना इकबाल ने तो यहां तक दावा किया है कि स्कूल में क्लास भी हिंदू और मुस्लिम छात्रों की अलग-अलग लगती है।

खजराना स्थित इंटरनेशनल स्कूल ऑफ बांबे पर यह गंभीर आरोप लगे हैं। स्कूल प्रबंधन से भी पालकों ने शिकायत की है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने इस बार अलग-अलग दो दिन दो व तीन फरवरी को रविंद्र नाट्य गृह में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। इसमें दो फरवरी को मुस्लिम छात्र और पालक आए और तीन फरवरी को हिंदू छात्र और पालक। अलग-अलग दिन हुए इस आयोजन से पालक नाराज है। यह मुद्दा स्कूल में पेरेंटस-टीचर एसोसिशन की बैठक में भी उठा है।

**पार्षद का दावा क्लास भी अलग-अलग**-वहीं क्षेत्रीय पार्षद रूबीना इकबाल के पास भी इसकी शिकायत पहुंची थी। वह स्कूल भी गई थी। उन्होंने दावा किया है कि भेदभाव किया जा रहा है और यहां तो क्लास भी हिंदू और मुस्लिम छात्रों की अलग-अलग लगती है। हमने स्कूल प्रबंधन को चेताया है कि इस तरह का भेदभाव बंद करें नहीं तो उच्च स्तर पर शिकायत की जाएगी।

### स्कूल प्रबंधन की यह सफाई

इस मामले में स्कूल प्रबंधन से जोए जोसफ ने बताया कि स्कूल कभी हिंदू-मुस्लिम नहीं करता है। दरअसल इस बार अभय प्रशाल, बास्केटबाल जैसी बड़ी जगह नहीं मिल सकी इसके चलते रविंद्र नाट्य गृह में यह किया। यहां क्षमता कम थी इसलिए दो दिन की तारीख रखी। फिर कुछ मुस्लिम टीचर ने बताया कि 3 फरवरी को शबे बारात है इसलिए मुस्लिम छात्र नहीं आ सकेंगे। इसलिए भी आयोजन की दो तारीख रखी गई। हमने तो फोन करके पालकों, छात्रों से पूछा भी था कि कौन किस दिन परफार्म करना चाहता है और आना चाहता है। सभी की सुविधा से ही यह तारीख तय की।

नारकोटिक्स विंग का बड़ा एक्शन

# चंदेरी में पकड़ी ड्रग्स फैक्ट्री, करोड़ों का माल जब्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नारकोटिक्स विंग ने अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी। करोड़ों की ड्रग्स और केमिकल जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जिले की चंदेरी तहसील के ग्राम कड़राना में मौत का सामान बन रहा था। इंदौर नारकोटिक्स विंग ने छापा मारकर एक अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। नारकोटिक्स टीम ने मौके से सवा किलो तैयार सॉलिड एमडी ड्रग्स जब्त की। इसके साथ ही ढाई किलो लिक्विड एमडी ड्रग्स भी बरामद की गई है। पुलिस को वहां से 45 किलो ऐसा केमिकल मिला जिससे ड्रग्स बनती थी। यह पूरा खेल एक शांत गांव के साधारण से घर में चल रहा था।

इस पूरे मामले के मास्टरमाइंड प्रियांशु जैन और राघवेंद्र सिंह पंवार बताए जा रहे हैं। प्रियांशु पहले गेहूं का सॉल्वेंट प्लांट और मैदा बनाने की फैक्ट्री चलाता था। व्यापार में बड़ा घाटा होने के कारण वह काफी कर्ज में डूब गया था। उसने जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में इंटरनेट का सहारा लेना शुरू किया। प्रियांशु ने इंटरनेट और यूट्यूब के जरिए एमडी ड्रग्स बनाने का तरीका सीखा। उसने इंदौर से कच्चा केमिकल खरीदा और गांव में लैब सेटअप कर ली। राघवेंद्र सिंह ने अपने घर में लैब बनाने के लिए जगह मुहैया कराई थी। दोनों मिलकर बड़े पैमाने पर जहर बनाने की तैयारी में जुटे हुए थे।



### पिस्तौल, कारतूस और लग्जरी कार भी जब्त

नारकोटिक्स विंग के डीआईजी महेश चंद्र जैन ने बताया कि टीम काफी सतर्क थी। पुलिस ने मौके से एक होंडा कार और दो महंगे मोबाइल फोन जब्त किए। आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी पिस्टल और 15 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। पुलिस को अंदेशा है कि यह माल केवल लोकल सप्लाई के लिए नहीं था। आरोपियों के तार दूसरे राज्यों और बड़े शहरों के तस्करों से जुड़े हो सकते हैं। जब्त की गई ड्रग्स और केमिकल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों में है। पुलिस अब उनके मोबाइल कॉल डिटेल्स और व्हाट्सएप चैट खंगाल रही है।

### नारकोटिक्स विंग की प्लानिंग ने किया खेल खत्म

नारकोटिक्स विभाग इंदौर को काफी समय से अवैध सप्लाई की इनपुट मिल रही थी। टीम ने पूरी योजना बनाई और कड़राना गांव में राघवेंद्र के ठिकाने पर छापा मारा। वहां का नजारा देखकर पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गए क्योंकि लैब आधुनिक थी। ड्रग्स बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले कई बड़े उपकरण भी जब्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन की ड्रग्स के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति का यह असर है। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि इंदौर से केमिकल किसने सप्लाई किया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई बड़े सफेदपोशों के नाम सामने आ सकते हैं। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस की रिमांड पर हैं और जांच जारी है।

# बाजारों में 'क्लीन स्वीप', खरीदारी के समय पुलिस ने होर्डिंग उखाड़े, गाड़ियां जब्त की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव और जाम की स्थिति को देखते हुए आज ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की टीम ने स्थानीय पुलिस थानों के बाल के साथ संयुक्त रूप से 'क्लीन स्वीप' अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसी गई और सड़कों को घेरकर खड़े अतिक्रमण को भी हटाया गया। मुख्य रूप से राजबाड़ा, जेल रोड, नॉवल्टी बाजार और डॉलर मार्केट में हुई इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में गाड़ियों को जब्त किया गया। शाम के समय जब बाजारों में सबसे अधिक भीड़ होती है उसी समय को कार्रवाई के लिए चुना गया ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि पूरी सड़क का ट्रैफिक जाम क्लियर हो रहा है या नहीं।

**दुकानदारों के होर्डिंग और स्टैंडी भी जप्त किए :** इस दौरान नो-पार्किंग में खड़े वाहनों और बिना हेलमेट/लाइसेंस वाहन चलाने वालों के खिलाफ मौके पर कार्रवाई की गई। सभी वाहनों को जप्त किया गया। बार-बार चेतावनी के बाद भी कार्रवाई के दौरान सड़क पर बीच में आवाजाही कर रहे वाहनों को पकड़कर क्रेन की मदद से ट्रैफिक थाने भिजवाया गया। वहीं दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर फैलाए गए सामान और अवैध ठेलों को भी हटाया गया। दुकानदारों के द्वारा सड़कों पर रखे होर्डिंग और स्टैंडी भी पुलिस ने जप्त कर लिए।



**खरीदारी के समय हुई कार्रवाई :** पुलिस की यह कार्रवाई मुख्य रूप से राजबाड़ा, सराफा, मारोठिया बाजार और जेल रोड जैसे क्षेत्रों में केंद्रित रही। इन इलाकों में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग और फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया था।

**व्यापारियों और जनता की प्रतिक्रिया :** व्यापारी हिम्मत सिंह जादौन ने कहा कि व्यापारी इस कार्रवाई का स्वागत करते हैं क्योंकि इससे आवाजाही आसान होगी और अधिक संख्या में ग्राहक आएंगे। हमें भी बार बार गाड़ियां हटाने की परेशानी नहीं होगी और विवाद भी कम होंगे। वहीं कुछ स्थानीय व्यापारियों ने यह भी कहा कि आसपास के क्षेत्रों में पार्किंग के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

**टीआई बोले लगातार ट्रैफिक जाम की वजह से बड़ी कार्रवाई की :** ट्रैफिक टीआई अरविंद सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम हो रहा है। हम लोगों को कई दिनों से समझाइश दे रहे हैं लेकिन लोग फिर भी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

### पुलिस ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ मुख्य बाजारों में पैदल भ्रमण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के व्यापारीगण भी उनके साथ उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान राजवाड़ा, सराफा, कपड़ा मार्केट, खजूरी बाजार, सुभाष चौक एवं आसपास के पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थिति एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया गया। पुलिस उपायुक्त द्वारा दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की गई कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही पार्क करें, जिससे दुकानों के बाहर बनी सफेद पट्टी के भीतर ग्राहक अपने वाहन अल्प समय के लिए खड़े कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी दुकान के बाहर कोई वाहन लंबे समय तक खड़ा रहता है, तो उसे अवैध पार्किंग की श्रेणी में माना जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों की शिकायत नागरिक एवं व्यापारी यातायात पुलिस व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 7049107620 पर कर सकते हैं, जिस पर यातायात पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वाहन चालकों से भी अपील की गई कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें एवं नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।